# विजयवर्गीय वैश्य राजसेवक परिषद कार्यकारिणी का गठन

शनिवार, दिनांक 18 सितम्बर,2021 को 'संगम' विजयवर्गीय सामुदायिक केन्द्र एवं छात्रावास, प्रतापनगर, जयपुर पर विजयवर्गीय वैश्य राजसेवक परिषद की वर्ष 2021–2024 की कार्यकारिणी का शपथ समारोह आयोजित किया गया ।

## शुभारंभः

कार्यक्रम का शुभारंभ विजयवर्गीय समाज के आराध्य देव स्वामीजी श्री रामचरण जी महाराज के तेल चित्र पर माल्यार्पण कर दिव्प प्रज्जवलित कर किया गया।

## कार्यकारिणी की घोषणा व शपथ ग्रहण

परिषद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री नन्दकिशोर विजय–बसवा निवासी द्वारा परिषद की वर्ष 2021–2024 की कार्यकारिणी की घोषणा करते हुये अलवर निवासी श्री लोकेश विजय–विधाधरनगर को परिषद का महासचिव मनोनीत करने के साथ अन्य पदाधिकारी सर्वश्री श्रीमती आशा विजय–विद्याधर नगर **एवं** सत्यनारायण विजय–सेठी कालोनी को **वरिष्ठ उपाध्यक्ष,** श्री दिनेश विजय–मालवीयनगर, श्री ओमप्रकाश विजय–विधाधरनगर, श्री रमाकान्त विजय–टोंक रोड, श्री अशोक कुमार विजय–मालवीयनगर, श्री महेश कुमार विजय–लवकुश नगर एवं श्री यदुनन्दन विजय–मानसरोवर को **उपाध्यक्ष,** श्री नरेन्द्र कुमार गुप्ता–करतारपुरा **संयुक्त महासचिव,** श्री हरिराम विजय–प्रतापनगर **कोषाध्यक्ष,** श्री आनन्द विजयवर्गीय–महारानी फार्म **सह–कोषाध्यक्ष,** श्री अजय कुमार विजय–चारदीवारी **विधि मंत्री,** श्री महेन्द्र कुमार विजय–विवेक विहार **कार्यक्रम कियान्वयन मंत्री,** श्री राजेन्द्र कुमार विजय–मालवीयनगर **सह–कार्यक्रम कियान्वयन मंत्री,** श्री अशोक कुमार विजय–प्रतापनगर **कार्यालय मंत्री,** श्रीमती सुमन विजय–प्रतापनगर **सांस्कृतिक मंत्री ,** श्री गिरधर विजय–मानसरोवर **सह–सांस्कृतिक मंत्री,** श्रीमती कुसुम विजय–मानसरोवर **महिला कल्याण मंत्री** ,श्रीमती मंजु विजय–मानसरोवर **सह–महिला कल्याण मंत्री** एवं श्री राजेश विजय–पिंक रिगलिया, श्री रमेश चन्द विजय–शास्त्रीनगर,श्री ओमप्रकाश विजय–बरकतनगर श्री आशुतोष विजय–झोटवाडा श्री गिरधारीलाल विजय–न्यू सांगानेर रोड श्री राम अवतार विजय–वैशालीनगर श्री रमेश चन्द विजय–डीसीएम को **संगठन मंत्री** मनोनीत किया गया । सभी पदाधिकारियों को परिषद पूर्व मुख्य संरक्षक सर्वश्री एस. के. विजय, सेवानिवृत्त आईएएस, श्री लल्लूलाल विजयवर्गीय,सेवानिवृत्त बैंक अधिकारी, परिषद के वरिष्ठ सदस्य श्री सुभाष विजय एवं परिषद के पूर्व अध्यक्ष श्री विशम्भरदयाल विजय द्वारा बारी–बारी से शपथ दिलाई गई और परिषद अध्यक्ष द्वारा इनका राम दुप्पटे से स्वागत किया गया ।

## सलाहकार मण्डल की घोषणा

परिषद अध्यक्ष द्वारा परिषद के सलाहकार मण्डल के गठन की घोषणा करते हुये श्री राजेन्द्र प्रसाद विजय, पूर्व अध्यक्ष, श्री विशम्भर दयाल विजयवर्गीय, पूर्व अध्यक्ष, श्री अशोक कुमार विजयवर्गीय, Retd. IAS, श्री एस.के.विजय, Retd. IAS, श्री राजेन्द्र विजय, IAS जिला कलेक्टर,बांरा, श्री राधेश्याम गुप्ता, से0नि0 न्यायाधिपति, श्री जे0पी0 गुप्ता, से0नि0 आईआरएस, श्री सुभाष विजय, से0नि0 उप निदेशक, डॉ0 चांदमल विजय,से0नि0 व्याख्याता कालेज शिक्षा, श्री राजीव विजय, जिला परिवहन अधिकारी, श्री उमानन्द विजय, सहायक निदेशक, प्रवर्तन, श्री रामस्वरूप विजय–ईंटका,

से0नि0 दूरसंचार सेवा, श्री मोहनलाल विजय से0नि0 बीएसएनएल, श्री मुकेश विजय, अधीशाषी अभियन्ता, श्री अनिल विजयवर्गीय, अधीशाषी अभियन्ता, श्री नन्दकिशोर विजय से0नि0, बैंक अधिकारी, श्री के0एन0 विजय, से0नि0 वरिष्ठ निजी सहायक एवं श्री अखिलेश विजय, से0नि0 बहुराष्ट्रीय कम्पनी को सलाहकार मनोनीत किया जाकर सभी का राम दुप्पटे से स्वागत किया गया ।

**<u>मुख्य संरक्षक व संरक्षक का मनोनयन</u>**

इसके अतिरिक्त अध्यक्ष द्वारा परिषद का वर्ष 2021—2024 के लिये श्री लल्लूलाल विजयवर्गीय—सेवानिवृत्त बैंक अधिकारी—महावीरनगर को मुख्य संरक्षक एवं श्री राधेश्याम विजय—सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारी—मानसरोवर को संरक्षक मनोनीत करते हुये राम दुप्पटे से स्वागत किया गया ।

**<u>अन्य घोषणा</u>**

परिषद अध्यक्ष द्वारा अन्य घोषणा करते हुये परिषद के निर्वतमान अध्यक्ष एवं संगम भवन के प्रणेता श्री राजेन्द्र प्रसाद विजयवर्गीय, नारायणपुर निवासी को चीफ एडवाईजर कम प्रवक्ता व योजना प्रभारी एवं श्री शिवकुमार विजय को संगम विकास समिति का संयोजक भी मनोनीत किया गया ।

**<u>परिषद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष का उद्बोधन</u>**

परिषद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री नन्दकिशोर विजय ने अपने स्वागत उद्बोधन में समारोह में उपस्थित सभी परिषद सदस्यों एवं मनोनीत सभी पदाधिकारियों का अभिनन्दन करते हुये सभी से परिषद को नई दिशा एवं समाज की अग्रणी संस्था बनाने का आवाह्न किया गया। उन्होंने परिषद के संस्थापना वर्ष 2004 से अब तक की उपलब्धियों का उल्लेख किया, साथ ही वर्तमान काल की अपनी प्राथमिकताओं का भी उल्लेख किया जिसमें प्रमुख हैं— संगम निर्माण हेतु अनुदान दाताओं को प्रेरित कर धन संग्रह करना, संगम भवन की द्वितीय चरण का निर्माण शीघ्र ही प्रारम्भ करना, संगम भवन के लिये अतिरिक्त भूमि का आवंटन कराना । इस कार्य में सभी से सहयोग की भी अपील की गई । उन्होंने परिषद के निर्वतमान अध्यक्ष श्री राजेन्द्र जी एवं उनके कार्यकाल के दौरान रहे सभी पदाधिकारियों का आभार भी व्यक्त किया कि सभी के सार्थक प्रयासों से आज परिषद भारत वर्ष में नये मुकाम पर स्थापित हो सकी। परिषद के हाल में सम्पन्न चुनावों में परिषद के चुनाव अधिकारी एवं सह चुनाव अधिकारियों का धन्यवाद किया जिन्होंने अपनी कुशलता से परिषद के पार्दशिता के साथ चुनाव सम्पन कराये । उन्होंने परिषद की एकता की पूरजोर अपील करते हुये कहा कि परिषद में हमेशा से एकता रही है और रहेगी।

**<u>निर्वतमान अध्यक्ष का उद्बोधन</u>**

परिषद के निर्वतमान अध्यक्ष श्री राजेन्द्र प्रसाद विजयवर्गीय (नारायणपुर निवासी) द्वारा अपने उद्बोधन में सर्वप्रथम कोरोना कालखण्ड में विजयवर्गीय राजसेवक परिषद व विजयवर्गीय समाज की उन सभी दिवगंत आत्माओं को उनके असामयिक निधन पर श्रृद्वाजंलि अर्पित करते हुये संवेदना व्यक्त की गई। उन्होंने उपस्थित सभी महानुभावों का

अभिनन्दन करते हुये परिषद के नव निर्वाचित अध्यक्ष द्वारा नवगठित कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों, नवनियुक्त परिषद के मुख्य संरक्षक आदरणीय श्री लल्लूलाल जी एवं संरक्षक श्री राधेश्याम जी तथा सलाहकार मण्डल के सभी सदस्यों को बधाई प्रेषित करते हुये अपेक्षा की कि नवगठित सशक्त कार्यकारिणी नई उर्जा के साथ परिषद को नई उचाईयों तक ले जाने में सक्षम रहेगी ।

उन्होंने अपने उद्बोधन में उन्हें वर्ष 2013 से 2021 की अवधि में तीन बार लगातार निर्विरोध अध्यक्ष की जो जिम्मेदारी दी गई उसके लिये सभी का आभार व्यक्त किया। वर्ष 2013 में निर्वाचन के समय उनके द्वारा परिषद को भूमि आवंटन का जो वादा किया था उसे पूरा करते हुये राज्य सरकार से रियायती दर पर 3500 वर्गगज भूमि का आवंटन कराने में सभी के सहयोग से सफलता प्राप्त की गई। साथ ही भवन के प्रथम चरण का निर्माण कार्य भी सभी के सहयोग से पूरा करने में भी सफलता प्राप्त की जाकर परिषद को शिखर पर ले जाते हुये संगम भवन की पहचान अखिल भारतीय स्तर पर ही नहीं अपितु विजयवर्गीय एनआरआई तक एक अलग पहचान दिलाने में सफलता प्राप्त हुई। उन्होंने अपनी इच्छा जाहिर करते हुये परिषद की इस अकल्पनीय उपलब्धी को भवन के इतिहास के रूप में शिलालेख पर आलेखित कर उसे भवन के मुख्य भाग में स्थापित किया जाये जिससे आगे आने वाली पीढी के लिये प्रेरणादायक बन सके।

उन्होंने अपील की कि हमें अभी यही तक नहीं रूकना है बल्कि परिषद व समाज को नई ऊँचाईयों तक ले जाना है एवं संगम भवन हेतु अतिरिक्त भूमि को प्राप्त करने के प्रयास किये जाने हैं । वर्तमान में सभी प्रशासनिक व अन्य परिस्थितियां अनुकूल है एवं वर्तमान सरकार के कार्यकाल अर्थात 2 वर्ष से पूर्व संगम भवन का लोकापर्ण करने में सफलता मिलती है तो योजनाबद्ध तरीके से अतिरिक्त भूमि भी रियायती दर पर प्राप्त करने की दिशा में आगे बढा जा सकता है और इस कार्य को पूरा करवाने में उनका हर तरह से पूरा सहयोग रहेगा।

उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान परिषद के माध्यम से आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों का उल्लेख करते हुये उसे निरन्तर आयोजित करने की अपील की। साथ ही अध्यक्ष पद की चुनाव प्रक्रिया को अच्छी तरह से निष्पादित करने हेतु चुनाव अधिकारी एवं सह चुनाव अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुये सभी से आग्रह किया कि परिषद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष को अपना भरपूर सहयोग मन व घन के साथ प्रदान करे ताकि परिषद को वे नये मुकाम पर स्थापित करने में सफल हो सके। उनको परिषद अध्यक्ष द्वारा जो नई प्रकार की जिम्मेदारी सौंपी उसको सार्थक रूप से पूरा करने का वे हमेशा प्रयास करेंगे। जय जय राजसेवक परिषद के नारे के साथ उन्होंने अपनी बात को विराम दिया।

**<u>परिषद के मुख्य संरक्षक का उद्बोधन</u>**

राजसेवक परिषद के मनोनीत मुख्य संरक्षक श्री लल्लूलाल जी विजयवर्गीय द्वारा अपने उद्बोधन में उपस्थित सभी महानुभावों का अभिवादन करते हुये परिषद अध्यक्ष एवं परिषद के सभी सदस्यों का उनको परिषद का मुख्य संरक्षक मनोनीत किये जाने पर आभार व्यक्त किया । उन्होंने नवगठित कार्यकारिणी के एवं अन्य सभी पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाए दी एवं आग्रह किया कि वे सबको लेकर चलेगें एवं अपने कार्यकाल में नये आयम स्थापित करते हुये परिषद को नई ऊचाईयों पर पहुचांने का प्रयास करेंगे ।

उन्होंने परिषद के निर्वतमान अध्यक्ष श्री राजेन्द्र जी एवं उनकी कार्यकारिणी सदस्यों को भी धन्यवाद देते हुये बताया कि आपके सुनियोजित प्रयासों, सभी परिषद सदस्यों के सहयोग, विजयवर्गीय समाज के भामाशाहों के सहयोग से संगम भवन अस्तित्व में आया एवं प्रथम फेज का निर्माण पूरा हुआ । पूरे भारतवर्ष के विजयवर्गीय समाज में संगम भवन की वजह से परिषद की एक अलग पहचान बनी। समाजजनों के उपयोग हेतु यह भवन बहुत बडी उपलब्धि व समाज की स्थाई धरोहर है। उम्मीद है आप सबका पूर्ण सहयोग नव निर्वाचित अध्यक्ष श्री नन्दकिशोर जी एवं उनकी टीम को मिलता रहेगा जिससे परिषद को समाज हित में अपने उद्देश्यों की प्राप्ति में सफलता मिलती रहेगी ।

**महासचिव का उद्बोधन व आभार**

परिषद के नव नियुक्त महासचिव श्री लोकेश कुमार विजयवर्गीय द्वारा अपने उद्बोधन में सभी के विचारों का सम्मान करते हुये सामूहिक निर्णय के आधार पर कार्य करने व संगम भवन के निर्माण एवं विकास में सभी की भागीदारी सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया एवं सभी का आभार व्यक्त करते हुये धन्यवाद ज्ञापित किया। तत्पश्चात श्री रामचरण जी महाराज के जयकारे के साथ सभी को भोजन प्रसादी हेतु आमंत्रित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान परिषद के सलाहकार श्री के. एन. विजय द्वारा वीडियों क्लिपिंग के माध्यम से आध्यात्म पर संक्षिप्त प्रेरणादायक प्रस्तुति दी गई। जिसका उपस्थित महानुभावों ने मंत्र मुग्ध होकर श्रवण किया ।
कार्यक्रम का सफल संचालन परिषद के नव नियुक्ति सह–सांस्कृतिक मंत्री श्री गिरधर विजय द्वारा किया गया ।

| | | |
|---|---|---|
| नन्दकिशोर विजय | लोकेश कुमार विजय | राजेन्द्र प्रसाद विजयवर्गीय |
| (बसवा निवासी) | (अलवर निवासी) | (नारायणपुर निवासी) |
| अध्यक्ष | महासचिव | प्रवक्ता |